तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार, 27 अप्रैल 2024

10 गेहूं का एक-एक दाना खरीद रही सरकार


10 सेहत विभाग ने चलाया तंबाकू छोड़ने का अभियान


## खबर संक्षेप

### सुबह दस से तीन बजे तक रहेगी बिजली बाधित

**जींद।** 33केवी पिंडारा में शनिवार को सुबह दस से शाम तीन बजे तक मरम्मत का कार्य होगा। इसके चलते शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में सुबह दस से शाम तीन बजे तक बिजली बाधित रहेगी। शनिवार को खरकरामजी, सुंदरपुर, बराह कलां, बराह खुर्द, सिविल अस्पताल, गोहाना रोड, डीसी कॉलोनी, अर्बन एस्टेट में बिजली सप्लाई ठप रहेगी।

### शार्ट सर्किट के कारण होटल में लगी आग

**जींद।** सफीदों रोड के पास निजी होटल में शुक्रवार को अचानक शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग से होटल में लाखों का नुकसान हुआ है। मालिक पियूष मित्तल ने बताया कि होटल के किचन में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई आग की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। आग इतनी भयंकर थी कि देखते ही देखते होटल को अपने चपेट में ले लिया।

### गाड़ी की टक्कर से बुग्गी सवार तीन महिला घायल

**जींद।** गांव किनाना के निकट तेज रफ्तार गाड़ी ने बैल बुग्गी को टक्कर मार दी। जिसमें बुग्गी में सवार तीन महिलाएं घायल हो गई। एक महिला की गंभीर हालात को देखते पीजाआई रोहतक रेफर किया गया है। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव किनाना निवासी कमलेश, सरोज, नीलम खेतों से पशुचारा लेकर बैल बुग्गी से घर वापस लौट रही थी।

### बाइक चोरी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** बाइक चोरी के मामले में एंटी व्हीकल थेफ्ट सैल के एचसी अनिल ने आरोपी गांव सीसर जिला जींद निवासी जोगिन्द्र को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव प्रभावत निवासी राहुल की शिकायत अनुसार 12 दिसंबर 2023 को आईसीआईसी बैंक जींद रोड़ कैथल के बाहर खड़ी उसकी बाइक को अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया था।

### घर का ताला तोड़कर 60 हजार की नकदी,जेवर चोरी

**जींद।** गांव ढाठरथ में दिनदहाड़े चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर 60 हजार रुपये की नगदी तथा सोने के जेवरातों को चोरी कर लिया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव ढाठरथ निवासी महेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह दिन में बाहर गया हुआ था।

### नशा तस्कर काबू, 600 गांजा फूल पत्ती बरामद

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई बलराज सिंह की अगुवाई में एसआई जोगिन्द्र सिंह की टीम शाम के समय गांव भागल बस अड्डा पर मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस को एक गुप्त जानकारी मिली कि गांव भागल निवासी सतपाल उर्फ पाला काफी समय से अपने घर के आसपास क्षेत्र में गांजा फूल पत्ती बेचने का काम करता हैं।

### जान से मारने की धमकी देने का आरोप, केस दर्ज

**जींद।** हनुमान नगर में एक परिवार ने युवक और युवती पर लाठी व डंडों से हमला कर दिया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। शहर थाना पुलिस ने युवती के परिजन हनुमान नगर निवासी सुंदर, गुलशन, नरेंद्र और विद्या देवी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### चोरी के जेवर खरीदने का आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** सीआईए-1 पुलिस के एएसआई प्रवीन कुमार की टीम द्वारा नकदी व आभूषण चोरी करने के मामले में चोरीशुदा आभुषण खरीदने वाले आरोपी गांव बहजोई जिला संभल यूपी निवासी हनुमान को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रेवाड़ी निवासी सचिन यादव की शिकायत अनुसार वह उसके परिवार के साथ सेक्टर 21 हुड्डा कैथल में रहता हैं।

# सतपाल ब्रह्मचारी को मैदान में उतारे जाने से बिगड़े राजनीतिक समीकरण

## ब्रह्मचारी सोनीपत लोस पर खेलेंगे कांग्रेस की पारी, भाजपा की राह हुई मुश्किल, जजपा प्रत्याशी का इंतजार

सतेंद्र पंडित ▶▶| जींद

सोनीपत लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस द्वारा सतपाल ब्रह्मचारी को मैदान में उतार कर बडा खेला यहां पर कर दिया। सीधे तौर पर सोनीपत लोकसभा सीट पर अब भाजपा की राह आसान नही रही है। सतपाल ब्रह्मचारी को कांग्रेस द्वारा प्रत्याशी बनाए जाने से सोनीपत लोस के पूरे राजनीतिक समीकरण बदल गए हैं। भाजपा ने ब्राह्मण समाज के मोहनलाल बडोली को मैदान में उतार गैर जाट कार्ड खेला। वहीं कांग्रेस ने भी गैर जाट का कार्ड खेलते हुए जींद जिले के ब्राह्मण समाज के प्रत्याशी गांव गांगोली निवासी सतपाल ब्रह्मचारी पर दांव खेला है।

जो धार्मिक संत भी हैं। जींद जिले की जींद, सफीदों तथा जुलाना तीन विधानसभा सोनीपत लोकसभा में आती है। जो सोनीपत लोकसभा में हार व जीत का



कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी।

फैसला करती है। पिछले लोकसभा चुनाव में जींद की तीनों विधानसभा ने भाजपा के पक्ष में मतदान कर कांग्रेस के भूपेंद्र हुड्डा को डेढ़ लाख वोटों से हराया था। सोनीपत लोकसभा के नौ विस क्षेत्रों में से पांच पर कांग्रेस विधायक हैं। जबकि जुलाना विस जजपा के खाते में है। दूसरा बड़ा फैक्टर सबसे बडा वोट बैंक जाट का भाजपा से नाराज होना है। सोनीपत

### बहुत कुछ कहते है जातिय समीकरण

जाट बहुल सोनीपत लोस मे ब्राह्मण बडा वोट बैंक है। मुख्य पार्टियों से दो ब्राह्मण प्रत्याशियों के आने से वोट बैंक का बंटवारा हो गया है। सोनीपत लोस मेंजाट 36.5 प्रतिशत, ब्राह्मण व त्यागी 13.25 प्रतिशत, पंजाबी 6.4 प्रतिशत, वैश्य 4.4 प्रतिशत, राजपूत 2.8 प्रतिशत, सिख 1.6 प्रतिशत, सैनी चार प्रतिशत, कश्यप 2.2 प्रतिशत, रोढ़ 1.1 प्रतिशत, कुम्हार दो प्रतिशत, खाती 1.6 प्रतिशत, यादव व गुजर 0.7 प्रतिशत, एससी वर्ग 18.1 प्रतिशत, मुस्लिम 2.1 प्रतिशत और अन्य 1.25 प्रतिशत हैं। सामान्य वर्ग करीब 9.95 लाख, ओबीसी 3.90 लाख और एससी 3.65 लाख मतदाता हैं।

**सोनीपत के अब तक सांसदः** 1977 में भारतीय लोकदल के मुख्तयार सिंह चुनाव जीते, 1980 के लोकसभा चुनाव में जनता पार्टी सेक्यूलर के देवीलाल चुनाव जीते। 1984 में कांग्रेस के धर्मपाल सिंह जीते, वहीं 1989 में जनता दल से कपिल देव चुनाव जीते। 1991 में कांग्रेस के धर्मपाल सिंह फिर से सांसद बनें। 1996 में सोनीपत लोकसभा सीट से निर्दलीय अरविंद शर्मा जीते। 1998 में हरियाणा लोकदल (राष्ट्रीय) के किशन सिंह, 1999 में बीजेपी के किशन सिंह सांगवान ने जीत हासिल की। 2004 में फिर से बीजेपी के किशन सिंह सांगवान जीते। 2009 में कांग्रेस से जितेंद्र सिंह ने जीत हासिल की। 2014 तथा 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के रमेश चंद्र कौशिक जीते।

लोकसभा के जाट वोट बैंक पर कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा की अच्छी पकड़ है। जींद जिले से सतपाल ब्रह्मचारी को कांग्रेस टिकट पर उतार कर सबसे बडे. वोट बैंक जाट, दूसरे नंबर के ब्राह्मण वोट बैंक के साथ जींद जिले की तीन विधानसभा के वोट बैंक को साधने का कार्य किया है। चल रहे बड़े वोट बैंक के साथ ब्राह्मण समाज को साधने का काम किया है। भाजपा ने चुनाव घोषणा के साथ उतारे प्रत्याशी मोहनलाल ने अपना प्रचार भी शुरू किया हुआ है। खास बात यह भी है कि भले ही कांग्रेस ने देरी से अपना प्रत्याशी घोषित किया हो लेकिन सतपाल ब्रह्मचारी का नाम बच्चे-बच्चे की जुबान पर है। बिना टिकट मिले सतपाल ब्रह्मचारी का नाम इतना उछला कि बिना प्रचार के बच्चे-बच्चे की जुबान पर चढ़ गया। अब कांग्रेस ने उन्हें प्रत्याशी बनाए जाने पर जब वे लोगों के बीच होंगे तो इसका फायदा भी उन्हें मिलेगा। हालांकि सोनीपत सीट पर इनेलो ने खरखोदा विस के सेवानिवृत डीएसपी अनूप दहिया को मैदान में उतारा है। जबकि जजपा ने अभी तक सोनीपत लोस से प्रत्याशी नही उतारा है। अब सोनीपत सीट पर 12 चुनावों में आठ बार जाट और तीन बार ब्राह्मण समाज से सांसद बने हैं। जिसमें ब्राह्मण एक बार निर्दलिय बना है। यहां पर चार बार भाजपा जीती है। जबकि कांग्रेस तीन बार जीती है।

### कौन है सतपाल ब्रह्मचारी

जींद जिले के सफीदों विस के गांव गांगोली में ब्राह्मण परिवार में 1964 में जन्मे सतपाल ब्रह्मचारी ने पांचवी तक शिक्षा गांव गांगोली से ली। 13 साल की उम्र मे हरिद्वार में ब्रह्मचरिय की दीक्षा ली। 1984 मे संपूर्णानंद विश्वविद्यालय हरिद्वार से शास्त्री, बीए समकक्ष की। सतपाल ब्रह्मचारी राधाकृष्ण ब्रह्मचारी के शिष्य हैं। गांगोली गांव में डेरा है। सफीदों तथा पांडू पिंडारा में उनका वक्तानंद आश्रम हैं। हरिद्वार में थानाराम आश्रम है। श्री राधा कृष्णा धाम, श्री दंडी स्वामी जयनारायण धर्मार्थ ट्रस्ट की शाखाएं हैं। हरिद्वार में थानाराम गोशाला भी है। हरिद्वार आश्रम में श्रद्धालुओं के ठहरने और खाने की व्यवस्था लगातार रहती है। श्री राधा कृष्णा धाम के अलावा अन्य आश्रम के साथ गौशालाओं का संचालन भी कर रहे हैं। 2004 में हरिद्वार के मेयर भी रहे। 2012 तथा 2022 में कांग्रेस की टिकट पर वहां पर विस चुनाव लडे। अच्छे वोट मिलने के बाद भी सफलता नही मिली। कांग्ेरस नेता भूपेंद्र हुड्डा परिवार के साथ जब गंगा में हादसा हुआ था तो उस दौरान सतपाल ब्रह्मचारी ने पूरी सहायता की थी। जिसके चलते उनकी भूपेंद्र हुड्डा के साथ नजदीकियां हैं। इसके यहां पर भी उनका जींद तथा आसपास के इलाकों में बडा रसूख है। अक्सर सुख-दुख में शामिल होते रहते हैं। गांव गांगोली से गंगा स्नान की बसें भी अक्सर हरिद्वार जाती रहती हैं।

## शादी से लौट रहे लोगों की कार ट्रक से टकराई, टाटा एस ने बाइक रौंदी

# महिला समेत दो की मौत, चार घायल

### नेशनल हाइवे 152डी तथा जींद-रोहतक नेशनल हाइवे पर हादसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में नेशनल हाइवे 152डी तथा जींद-रोहतक नेशनल हाइवे पर अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। जबकि चार लोग घायल हो गए। जिसमें दो की गंभीर हालात देखते हुए पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। जुलाना थाना पुलिस ने मृतकों के परिजनों की शिकायत पर फरार वाहन चालकों के खिलाफ मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। झूंझनू (राजस्थान) निवासी नंदलाल अपने परिवार के साथ पंचकूला शादी में शामिल हो कर गाड़ी में सवार होकर नेशनल हाइवे 152डी में घर लौट रहा था। गांव भैरवखेड़ा के निकट अचानक तेज रफ्तार ट्रक ने ब्रेक लगा दिए। जिससे उनकी कार ट्रक के पीछे टकरा गई। जिसमें नंदलाल, उसकी पत्नी रूकमणी, उसकी पौती नेहा तथा पलक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने चारों को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने रूकमणी को मृत घोषित कर दिया। जबकि नंदलाल



जींद। मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन।

तथा पलक की गंभीर हालात देखते हुए पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। घटना को अंजाम देकर ट्रक चालक फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर जुलाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। पुलिस ने कार के चालक सुनील की शिकायत पर फरार ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुलाना मंडी से लौट रहे किसान की बाइक को गाड़ी ने मारी टक्कर, मौतः गांव गतौली निवासी कृष्ण बीती रात जुलाना मंडी में गेहूं डालने गया हुआ था। देर रात को



जब वह बाइक से घर लौट रहा था तो जींद-रोहतक नेशनल हाइवे पर जैजवंती गौशाला के निकट सामने से आ रही टाटा एस गाड़ी ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें कृष्ण गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक अपनी गाड़ी को मौके पर



जींद। पोस्टमार्टम को लेकर कागजी कार्रवाई करते पुलिसकर्मी। *फोटो :हरिभूमि*

#### मामला दर्ज

जुलाना थाना प्रभारी नवीन मोर ने बताया कि सड़क हादसो में दो लोगो की मौत हुई। शवों के पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिए गए हैं। मृतकों के परिजनों की शिकायतों पर फरार वाहन चालको के खिलाफ मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

छोड़ कर फरार हो गया। गंभीर हालात में कृष्ण को नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर जुलाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक के बेटे सुरेंद्र की शिकायत पर फरार गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर है।



कपिल तीर्थ पर गिरे घाट के हिस्से का अवलोकन करते केडीबी के मदन मोहन छाबड़ा व टीम।

## केडीबी के अफसरों ने किया तीर्थ का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कपिल तीर्थ की संभाल को लेकर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की टीम ने तीर्थ का दौरा किया। तीन दिन पूर्व तीर्थ तट पर स्थित एक घाट का बड़ा हिस्सा भरभरा कर गिर गया था। इस पर संज्ञान लेते 48 कोस तीर्थ निगरानी कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा ने घाट के गिरे हिस्से का मुआयना किया। उन्होंने कहा कि वास्तविक स्थिति का उन्होंने निरीक्षण किया है।

इसकी पूरी जानकारी वे केडीबी के शीर्ष अधिकारियों को देंगे। उन्होंने कहा कि केडीबी कपिल तीर्थ के मूल स्वरूप को यथावत रखने के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने कहा कि तीर्थ के एक किनारे पर पुरातत्व विभाग द्वारा संग्रहित एक शिव मंदिर है। केडीबी ने कपिल तीर्थ के विकास के लिए अनेक बार प्रयास किए कि इसके चारों और घाट बनाए जाएं परिक्रमा पर लाइटें लगें। पानी की व्यवस्था बने ताकि पौराणिक तीर्थ का संपूर्ण विकास हो सके। इसके विकास के लिए कई बार राशि भी जारी हो चुकी पर पुरातत्व विभाग कोई भी कार्य करने की अनुमति देता ही नहीं। तीर्थ सौंदर्यीकरण के लिए निर्माण कार्य शुरू करने की परमीशन को लेकर केडीबी एएसआई से पत्राचार कर रही है। उन्होंने कहा कि परमीशन न मिलने के कारण ही कपिल तीर्थ के विकास में बाधा आ रही है और उसके कारण से घाट टूट कर गिरने लगे हैं।

### सिंघपुरा,मुआना में उपकरण लगाने आए लोगों को खदेड़ा

**सफीदों।** पंचायत समिति सफीदों द्वारा खंड के 25 गांवों में लगाई गई ओपन जिम में कम उपकरण लगाने व कई गांवों में जिम ही स्थापित नहीं किए जाने के मामले को लेकर एसडीएम द्वारा जांच बैठाए जाने के बाद अब कंपनी द्वारा इन उपकरणों को रात्रि में पूरा करने का खेल शुरू हो गया है। इन मुहिम में कंपनी के कर्मचारी कई गांवों में तो कामयाब हो गए लेकिन गांव मुआना व सिंघपुरा में उन्हे रात्रि में खदेड़ दिया गया। गांव सिंघपुरा में ब्लाक समिति सदस्य सुशील सिंघपुरा व गांव मुआना में ब्लाक समिति सदस्य अजय राणा ने उपकरण लगाने आए कंपनी के कर्मचारियों का डटकर विरोध किया। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि यह कार्य घोर रात्रि में ही क्यों किया जा रहा है। इस सारे मामले की जांच एसडीएम के द्वारा की जा रही है तो ऐसे में इन उपकरणों को अब पूरा करने का कोई औचित्य नहीं बनता। अगर कोई कार्य करना है तो उसे दिन में किया जाए और गांव के लोगों को सूचित करके किया जाए। ग्रामीणों के द्वारा उपकरण लगाने आए कंपनी के कर्मचारियों का विरोध करने का वीड़ियों भी क्षेत्र भर में वायरल हो रहा है।

## जींद में बूंदाबांदी के साथ गिरे ओले,किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पश्चिमी विक्षोभ के असर के चलते शुक्रवार शाम को उचाना के आस पास के गांवों में गरज व चमक के साथ बूंदाबांदी के साथ ओलावृष्टि हुई। जिससे कटाई और कढ़ाई का का बाधित होगा गया। गर्मी से राहत देने का कार्य किया है। शुक्रवार को तापमान 39 डिग्री पर जा पहुंचा। वहीं मौसम के खराब होने से किसान परेशान हो गए है। हालांकि कुछ किसानों की गेहूं कटाई अभी भी बाकी है। मंडियों में भी लाखों क्विंटल गेहूं पड़ा हुआ है। अगर ऐसे हालात में बारिश होती है तो गेहूं



फसल को नुकसान हो गा। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 39 तथा न्यूनतम तापमान 23 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 37 प्रतिशत तथा हवा की गति 16 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। आकाश में छाए बादलों से बारिश के आसार भी बने रहे। मौसम विभाग के अनुसार मौसम परिवर्तनशील रहने के साथ शनिवार को भी बादलवाई आकाश में दिखाई देगी।

### रोडवेज यूनि ने यातायात प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

**कैथल।** हरियाणा राज्य परिवहन कैथल डिपो के बस परिसर के यूनियन कार्यालय में हरियाणा रोडवेज जागृति मंच की कैथल डिपो की कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में मुख्य तौर पर राज्य कार्यकारिणी के सदस्य राज्य उप प्रधान अभिषेक शर्मा व राज्य सचिव वीरेंद्र सिंह रुहल ने शिरकत की। बैठक में दौरान डिपो स्तर पर चालक व परिचालकों को हो रही परेशानियों को लेकर विचार विमर्श किया। जिसमें परिचालकों व चालकों के काफी लंबे टाइम से पड़े केसों का निपटारा नहीं किया गया है, जिसे कर्मचारी मानसिक रूप से परेशान रहता है और चालकों को नाजायज केएमपीएल की चार्जशीट दी जाती है, कर्मचारियों का पिछले आठ महीने से नाइट क्लेम ओर ओवर टाइम का भुगतान नहीं किया गया है, सभी कर्मचारियों को कंफर्म किया जाए ।

## पैचवर्क में लीपापोती, जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी में मुख्य बाजार की सड़क पर पीडब्ल्युडी विभाग द्वारा सड़क पर बने खड्डों को भरने में लीपापोती की जा रही है। गिरधरलाल अहलुवालिया से पुलिस चौकी तक सड़क पर पैचवर्क का कार्य किया गया। जिसके चलते खासकर दुकानदारों में काफी रोष है। दुकानदार विनोद मंगल, रणदीप मैहला, राजेश कुमार, नीरज कुमार, रोशनलाल, काका, रजनीश ने बताया कि सड़क में बारिश के बाद से जगह-जगह खड्डे बने हुए थे, जिनमें दुर्घटना घटने व पूरे दिन धूल मिट्टी उड़ती रहती थी। जिसकी शिकायत बार-बार विभाग को भी की जा रही थी। जिसके बाद अब विभाग द्वारा खड्डे भरने का काम किया जा रहा था। दुकानदारों में इस बात को लेकर गहरा रोष था कि खड्डों में बजरी व तारकोल तो डाला जा रहा था, लेकिन कोई भी रोलर से इसे दबाया नहीं जा रहा था। जिससे बजरी ऊपरी सतह पर पड़ी रहने से वाहनों के साथ बजरी छिंटकर आसपास के दुकानदारों तक लग रही है। जिससे चोट लगने का भी भय बना रहता है।



पूंडरी बाजार की सड़क पर पैचवर्क में उखड़ती बजरी।

**रोलर चलवा देंगेः** बारिश के बाद सड़क जगह-जगह से टूट गई थी। जिसके लिए सड़क पर वैचवर्क का कार्य करवाया गया है। अगर पैचवर्क की जगह बजरी निकल रही है तो, उस पर रोलर चलवा देंगे।

*गुरदीप सिंह, एसडीओ पीडब्ल्युडी पूंडरी।*

## स्कूलों में विद्यार्थियों को गर्मी से बचाने की कवायद

# पानी पीने के लिए तीन बार बजानी होगी घंटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गर्मी का सीजन शुरू हो चुका है और पारा 38 डिग्री तक पहुंच रहा है। ऐसे में छोटे बच्चे गर्मी की चपेट में न आएं, इसके लिए शिक्षा विभाग द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने प्रदेशभर के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों, खंड शिक्षा अधिकारी, खंड मौलिक शिक्षा अधिकारी, स्कूल मुखिया, प्रभारियों को निर्देश दिए हैं। जिनमें कहा गया है स्कूलों में




जींद। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय।

छात्रों को धूप में नहीं बैठाया जाए। कोई भी कार्यक्रम धूप में नहीं किया जाए। साथ ही हर एक घंटे में बच्चों के लिए पानी पीने के लिए घंटी बजाई जाए ताकि बच्चे डिहाइड्रेशन का शिकार न हों। अगर स्कूल में आदेशों का पालन नहीं हुआ तो विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### स्कूल मुखियाओं को अवगत करवाया

जिला शिक्षा अधिकारी सुमित्रा देवी ने कहा कि निदेशालय से मिले आदेशों को सभी स्कूल मुखियाओं को अवगत करवा दिया है। स्कूलों में बच्चे पर्याप्त पानी पिएं, इसके लिए तीन बार घंटी बजाने के लिए कहा है। बच्चों से भी आह्वान किया कि तेज धूप व गर्मी से खुद को बचाएं। सीधे धूप के संपर्क में न आएं और समय-समय पर पानी अवश्य पीते रहें।

**शिक्षा निदेशालय ने दिए निर्देशः** किसी भी अवस्था में न विद्यार्थियों को धूप में बैठाया जाए और न कोई कार्यक्रम धूप में किया जाए। कक्षा कक्ष के बाहर होने वाली बाहरी गतिविधियों को जहां तक संभव हो सुबह 10 बजे बजे तक अथवा इससे पूर्व करवा लिया जाए। विद्यार्थियों के लिए पीने के पानी की समूचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सभी विद्यालयों में दिन में तीन बार पानी पीने के लिए तीन बार घंटी बजाई जाए ताकि विद्यार्थी समयानुसार पानी पी सकें और शरीर में पानी की मात्रा बरकरार रख सकें। किसी भी आपात स्थिति पर स्थानीय अस्पताल में संपर्क की व्यवस्था की जाए और उससे निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। विद्यार्थियों को कभी बंद वाहन में अकेला न छोड़ें।



पूंडरी। आयोजित कार्यक्रम में राकेश को विदाई पार्टी में सम्मानित करते हुए।

### विदाई समारोह में राकेश को पगड़ी पहना किया सम्मानित

**पूंडरी।** पूंडरी अनाज मंडी में कार्यरत लाला राकेश कुमार 33 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत हो गए। इस मौके पर मंडी में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता ओक्सनर एसोसिएशन के प्रधान राजेंद्र शर्मा ने की व मुख्य रूप से मार्केट कमेटी के मंडी सुपरवाइजर वीरेंद्र सिंह ने भाग लिया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए वीरेंद्र सिंह ने कहा कि राकेश ने अपने कार्यकाल के दौरान अपने कार्य को पुरी निष्ठा, परिश्रम, लगन व मेहनत से किया है। उनकी कार्यशैली से दूसरे साथियों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए कि किस प्रकार से उन्होंने अपने कार्य को किया है। इस मौके पर उन्हें सम्मान की प्रतीक पगड़ी पहनाकर, छाता व उपहार देकर सम्मानित किया गया। राकेश कुमार ने कहा कि जो सम्मान उन्हें दिया गया है, वे सदैव इसके आभारी रहेंगे। इस मौके पर जयवीर शर्मा, सुरेंद्र मैहला, कृष्ण कुमार, बलवान सिंह, जयपाल शर्मा, रामनिवास, रकम सिंह, मार्केट कमेटी से परीक्षित, दिलबाग सिंह व अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### छात्रों को मलेरिया के प्रति किया जागरूक

**जुलाना।** स्कूलों में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छात्रों को मलेरिया के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर छात्रों को संबोधित करते हुए हेल्थ इंस्पैक्टर रमेश काजल ने कहा कि सभी अपने घरों के आस पास सफाई रखें।घरों में कुलर और टंकियों में एक सप्ताह तक पानी इक्कठा ना होनें दें ताकि मच्छर पैदा ना हो सकें।

### ट्रांसफार्मर से 160 लीटर ऑयल चोरी

**जींद।** गाव हैबतपुर खेतों में ट्रांसफार्मर से चोरों ने कीमती 160 लीटर ऑयल को चोरी कर लिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिजली निगम के एसडीओ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बिजली निगम ने योजना के तहत गांव हैबतपुर निवासी कपूर सिंह के खेत में बिजली ट्रांसफार्मर रखा हुआ था। बीती रात चोरों ने ट्रांसफार्मर से 160 लीटर ऑयल को चोरी कर लिया।

### आज खापड़, झील गांव में आएंगे दुष्यंत चौटाला

**उचाना।** स्थानीय विधायक एवं पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला उचाना हलके में जनसंपर्क अभियान के तहत पूरा दिन हलके के खापड़, झील गांव में बिताएंगे। खापड़ गांव में 40, झील गांव में 22 जगहों पर कार्यकर्ताओं के यहां आयोजित कार्यक्रमों में वो पहुंचेंगे। सचिव प्रो. जगदीश सिहाग, शहरी अध्यक्ष अनिल शर्मा ने जानकारी दी।

### महिला को वीडियो कॉल कर दी धमकी, केस दर्ज

**जींद।** महिला को वीडियो कॉल कर गाली गलौज करने तथा धमकी देने पर महिला थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ अश्
समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हनुमान नगर निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव छात्तर निवासी श्रवण उसके पास वीडियो कॉल करता है। जब विरोध किया तो आरोपित गाली गलौज करता है।

### अलग-अलग स्थानों से तीन महिलाएं लापता

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से तीन महिलाओं के संदिग्ध हालातों में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलो की जांच कर रही है। गांव डूमरखां निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। वहीं गांव अलेवा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी पत्नी मायके लिए निकली थी।

### जयप्रकाश को उम्मीदवार बनाने जताई खुश

**उचाना।** कांग्रेस की तरफ से जारी की गई लोकसभा चुनाव को लेकर हरियाणा के उम्मीदवारों की सूची में हिसार लोकसभा से पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश को उम्मीदवार बनाया गया। रजबाहा रोड स्थित आप कार्यालय में आप कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर खुशी मनाते हुए इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जयप्रकाश की जीत का दावा किया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 मई को

**जींद।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशनुसार 11 मई को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जींद स्थित न्यायिक परिसर व उपमंडल स्तर पर नरवाना व सफीदों में किया जाएगा। मोनिका ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यशवीर सिंह राठौर के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोक अदालत व प्रतिदिन प्री लोक अदालत का आयोजन होगा।

### प्रदेश के बेरोजगार युवाओं ने की बैठक

**जींद।** प्रदेश के बेरोजगार युवाओं ने बैठक कर सरकार के खिलाफ चुनाव लड़ने का ऐलान किया। अध्यक्षता दिनेश ने की। रोहतक से अमर, जींद से सुमित, अक्षय , नरेंद्र बूरा, प्रियंका, सोनीपत से राजेश, जसबीर, भिवानी से रविंद्र फौजी, दादरी से कुशल, करनाल से दीपक, कैथल से सौरभ, यमुनानगर से अमित आदि मौजूद रहे।

## प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रथम पायलट रिहर्सल

# पारदर्शिता के साथ मतदान पूर्ण करवाने के लिए गंभीरता से ड्यूटी करने के निर्देश दिए

**29 अप्रैल से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया, छह मई होगा अंतिम दिन, सहायक निर्वाचन अधिकारी राकेश सैनी ने प्रक्रिया व ईवीएम के इस्तेमाल को लेकर विस्तार से जानकारी दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा के मार्ग दर्शन में लोकसभा चुनाव की तैयारियों के लिए प्रथम चरण की पायलट रिहर्सल स्थानीय प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय के मल्टीपरपज हॉल में आयोजित हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आगामी 25 मई को लोकसभा चुनाव हेतु मतदान के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है और कर्मचारियों की रिहर्सल के चरण शुरू हो चुके हैं। शुक्रवार को पीठासीन अधिकारी व वैकल्पिक पीठासीन अधिकारियों की रिहर्सल का आयोजन किया गया। चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारियों को एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी राकेश सैनी ने मतदान प्रक्रिया व ईवीएम के इस्तेमाल को लेकर विस्तार से जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है और चुनाव में ड्यूटी लगना अपने आप में गर्व का विषय है। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी सभी कर्मचारी और अधिकारी आयोग द्वारा जारी इन्फोर्मेशन हैंडबुक को ध्यान से पढ़ें। जिले में निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शिता के साथ मतदान प्रक्रिया पूर्ण करवाने के लिए पोलिंग पार्टियों को संवेदनशीलता व गंभीरता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए।

**रिहर्सल में यह अधिकारी रहे मौजूद :** इस अवसर पर एडीसी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी डा. हरीश वशिष्ठ, नरवाना के एसडीएम अनिल कुमार दून, सफीदों के एसडीएम मनीष कुमार फौगाट, उचाना के एसडीएम गुलजार मलिक, नगराधीश एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नमिता कुमारी, जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार, नायब तहसीलदार चुनाव प्रदीप सरोहाए कानूनगो दीपांशु एवं चुनाव कार्य से जुडे. विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### मतदाता बूथ के लिए पोलिंग पार्टी निर्धारित वाहन में ही जाए

उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि मतदान बूथ के लिए रवाना होने के बाद पोलिंग पार्टियां केवल निर्धारित वाहन में ही जाएं। ईवीएम केवल जीपीएस लगे निर्धारित वाहन में सुरक्षा बलों के साथ ही मूवमेंट करेगी। मतदान प्रक्रिया व चुनावों से संबंधित अन्य कार्योंं को निर्धारित नियमावली के तहत समय सारिणी के अनुरूप पूरा करवाने के लिए पहला प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया हैं। इस प्रशिक्षण के माध्यम से सेशन वाइज सभी पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया से संबंधित नियमों की जानकारी देने के साथ साथ ईवीएम व वीवीपैट की हैंडलिंग के लिए तकनीकी रूप से भी कुशल बनाया जा रहा है।

### पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारियों को दिया ईवीएम का हैंडऑन प्रशिक्षण




जीद। प्रथम चरण की पायलट रिहर्सल में मौजूद अधिकारी और प्रथम चरण की पायलट रिहर्सल में भाग लेते विभिन्न विभागों के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**मास्टर ट्रेनर्स ने अधिकारियों व कर्मचारियों को सीयू, बीयू, वीवीपैट, ईवीएम तथा विभिन्न प्रपत्रों के बारे में विस्तार से दी जानकारी**

**लोकतंत्र के महापर्व चुनाव में ड्यूटी लगना गर्व का विषय : रजा**

### 29 अप्रैल से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जींद जिला सोनीपत, हिसार व सिरसा लोकसभा क्षेत्र में शामिल है। नामांकन प्रक्रिया 29 अप्रैल से शुरु हो जाएगी जो छह मई तक चलेगी। नामांकन की जांच सात मई को की जाएगी व नौ मई तक नामांकन वापसी की प्रक्त्रिया चलेगी। 25 मई को मतदान होगा व चार जून को चुनाव का परिणाम घोषित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 34.जुलाना की अर्जुन स्टेडियम के रेसलिंग हॉल में, 35.सफीदों की अर्जुन स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल में, 36.जींद की अर्जुन स्टेडियम के मल्टीपरपज हॉल में, 04.हिसार लोकसभा के लिए 37.उचाना कलां की प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय के मल्टीपरपज हॉल मेंए 03.सिरसा लोकसभा की हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद के मल्टीपरपज हॉल में स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं व यही पर मतगणना की प्रक्रिया पूरी होगी।

### मतदान 25 मई को सुबह सात बजे से

जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुसार जिला में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए वोटिंग 25 मई शनिवार को होगी। मतदान सुबह सात बजे शुरू होगी और शाम को छह बजे तक मतदान किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिला में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान एडीसी एवं स्वीप अभियान के नोडल अधिकारी डा. हरीश वशिष्ठ के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची में शामिल सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करना चाहिए।

### चुनाव के लिए पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त

जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर वोटिंग करवाने के लिए पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारी व पोलिंग अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इन अधिकारियों को बैच के अनुसार ट्रेनिंग दी जा रही है। ट्रेनिंग सभी पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारियों के लिए अति आवश्यक है। क्योंकि ट्रेनिंग के जरिये ही मतदान की पूरी प्रक्रिया को आयोजित करवाने को लेकर विस्तृत जानकारी अधिकारी को दी जाती है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान ईवीएम खराब होने की स्थिति में नियमानुसार कार्य करें और अविलम्ब एआरओ को सूचित करें। इस दौरान चुनाव आयोग द्वारा जारी एक वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी अधिकारियों को वीपीपैट, सीयू व बीयू की पूरी जानकारी दी गई।

## आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की सी.विजिल एप पर करें शिकायत

**जींद।** जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्तमान में चल रहे लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं अन्य विभिन्न प्रकार की शिकायत करने व उसके निस्तारण हेतु ऑनलाइन सी. विजिल एप विकसित किया गया है। उक्त एप पर चुनाव संबंधी शिकायतों को किसी भी व्यक्ति द्वारा अपलोड किया जा सकता है। सी विजिल एप का प्रयोग करने हेतु स्मार्टफोन पर गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर अपना मोबाइल नंबर डालकर ओटीपी के माध्यम से ऐप में लॉगिन कर शिकायत दर्ज की जा सकती है। सी.विजिल एप एक जीआईएस आधारित एप है।

## सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन ने किया बैठक का आयोजन

■ सब्जी मंडी महीने में दो दिन रहेगी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन की बैठक प्रधान मोहित गंम्बर की अध्यक्षता में हुई। इसमें मंडी को लेकर कई मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रधान मोहित गुंबर ने बताया कि सब्जी मंडी में आने वाले व्यापारियों, जमींदार और आमजन के हित में कई महत्वपूर्ण फैसले भी लिए गए हैं। सब्जी मंडी पहले की तरह महीने में दो दिन पूर्णतः बंद रहेगी। सब्जी मंडी में लगने वाले जाम पर विशेष ध्यान रखा जाएगा। जाम की परिस्थिति नहीं बने, इसके लिए सख्त से सख्त कार्रवाई करवाई की जाएगी। बैठक में संरक्षक सुरेश सैनी, अशोक कत्याल, जगत सैनी, पंडित सूरजभान, रवि गुंबर, अवतार कुमारा, प्रवीण परुथी, गुलशन बजाज, अनिल माटा, हरीश नागपाल, दीपक तनेजा, रामनिवास, तिलक मिगलानी, गोपाल माटा, सुमित माटा मौजूद रहे।



जींद। बैठक में मौजूद प्रधान और अन्य पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## हादसों को लेकर कंपनी गंभीरता से सोचें: गोयल

**जींद।** सामाजिक संस्थाओं से जुड़े समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल ने कार कंपनियों के मालिकों से मांग की है कि चलती कार में आग लगने से हो रहे दर्दनाक हादसों को रोकने के लिए उन्हें गंभीरता से सोचना चाहिए और कारों में आग लगने की स्थिति में इमरजेंसी विंडो खुलने का प्रावधान जरूर होना चाहिए। गोयल का कहना है कि चलती कार में आग लगने के लगातार हादसे हो रहे हैं। आग लगने के बाद कार की पावर विंडो, सीट बैलेट और सेंटर लोक की सिस्टम फैल हो जाते हैं। जिससे दरवाजे, खिड़कियां खुल नही पाती और बडी दुर्घटनाएं घट जाती हैं। कुछ ही दिन पूर्व सालासर बालाजी धाम दर्शन कर आ रहा एक पूरा परिवार भी कार में आग लगने से जल कर राख हो गया।

## किसानों की गेहूं का एक-एक दाना खरीद रही सरकार, एमएसपी पर हो रही खरीद : कर्मवीर

■ 72 घंटे में उठान के साथ ही किसानों के खाते में सीधी जा रही पैमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कान्फेड के चेयरमैन एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कर्मवीर सैनी ने शुक्रवार को सफीदों की नई अनाजमंडी का दौरा किया। उन्होंने यहां गेहूं खरीद, उठान तथा किसानों को पैमेंट के कार्य का जायजा लिया। किसानों ने समय पर गेहूं की खरीदए उठान व पैमेंट होने पर संतोष जाहिर किया। सैनी ने कहा कि किसानों के गेहूं का एक-एक दाना सरकार खरीद रही है। हरियाणा में गेहूं की खरीद एमएसपी पर हो रही है।



जींद। गेहूं खरीद का जायजा लेते कर्मवीर सैनी। फोटो : हरिभूमि

किसानों को कोई परेशानी नहीं आ रही है। मंडियों में 80% गेहूं पहुंच चुकी है। अधिकारियों को उठान में तेजी लाने के निर्देश दिए। सैनी ने बताया कि सफीदों की अनाजमंडी में फूड एवं सप्लाई विभाग ने 27530 मीट्रिक टन गेहूं खरीदी है और इसमें से 13048 मीट्रिक गेहूं का उठान हो चुका है। वेयरहाउस कारपोरेशन ने 14964 मीट्रिक टन गेहूं खरीदी और 8214 मीट्रिक टन का उठान हो चुका है। हैफेड ने 25 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की और 11 हजार मीट्रिक टन का उठान हो चुका है। सुभाष जैन, अनाजमंडी सचिव अक्षय जैन, नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन सेवाराम सैनी, आढ़ती चंद्र सैनी, जगदीश आदि मौजूद रहे।



हिंदू कन्या कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते प्राचार्या डा. पूनम मोर व छात्राएं।

## बौद्धिक संपत्ति दिमाग में ही उत्पन्न : कृतिका श्योराण

**जींद।** हिंदू कन्या कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय बौद्धिक संपदा अधिकार रहा। कार्यशाला की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्या डा. पूनम मोर ने की। कार्यशाला का आयोजन अर्थशास्त्र विभागाध्यक्षा डा. प्रियंका साहनी तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की प्रभारी डा. गीता गुप्ता ने किया। कार्यशाला के प्रथम सत्र में इंस्टिट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ की असिस्टेंट प्रोफेसर डा. सुप्रीत गिल ने बौद्धिक संपदा अधिकार विषय के ऊपर अपने विचार प्रस्तुत किए। डा. सुप्रीत ने बौद्धिक संपदा अधिकार का अर्थ बताते उसके सभी प्रकारों की संक्षिप्त जानकारी देते हुए कॉपीराइट तथा ट्रेडमार्क के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कॉपीराइट के विषय को विभिन्न उदाहरणों जैसे की म्यूजिकल वर्कए लिटरेरी वर्क, साउंड रिकॉर्डिंग आदि के माध्यम से समझाया तथा कॉपीराइट के प्रकारों के ऊपर भी चर्चा की। इसके बाद उन्होंने ट्रेडमार्क के विषय में विशेष जानकारी देते हुए बताया कि ट्रेडमार्क को 10 वर्षोंं के लिए स्लोगन, ब्रांड, लोगो आदि के लिए रजिस्टर्ड किया जा सकता है।

## मोतीलाल स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम

■ स्वर्ण पदक जीतने वाले यश और युग को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार ने बताया कि पिछले दिनों आयोजित हुई हिंदी ओलंपियाड प्रतियोगिता में विद्यालय के 20 विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दर्ज की। हिंदी प्रतियोगिता परीक्षा में सद्बक्तलता का परचम लहराने वाले मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय के विद्यार्थियों में ओलंपियाड परीक्षा के तहत हिंदी परीक्षा का आयोजन किया गया। ओलंपियाड परीक्षा में शत-प्रतिशत विद्यार्थी परीक्षा देते हैं तथा सद्बक्तलता हासिल करते हैं और आगे बढ़ते हुए आठवीं कक्षा का छात्र यश और पांचवी कक्षा के छात्र युग ने ओलंपियाड हिंदी परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीता। द्वितीय स्थान पर कक्षा आठवीं कक्षा की अनु ने अपना स्थान निर्धारित किया। ओलंपियाड परीक्षा देने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा भविष्य में और अधिक मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। स्वर्ण पदक जीतने वाले यश और युग को विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया, प्राचार्य रविंद्र कुमार तथा विद्यालय प्रशासक वीपी शर्मा, हेड कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र कुमार द्वारा सम्मानित किया गया व शुभकामनाएं दी गई।



जींद। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि



जींद। जागरूकता रैली निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

## मौसमी बीमारियों की जागरूकता को लेकर निकाली रैली

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत गांव ईंटल कलां में विश्व मलेरिया दिवस पर एमपीएचडब्ल्यू पवन द्वारा स्कूल के अध्यापकों व बच्चों के सहयोग से मलेरिया से बचाव को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें बच्चों ने पूरे गांव को रैली के माध्यम से जागरूक करने में भरपूर सहयोग दिया। पवन ने बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि मलेरिया बुखार संक्रमित मादा एनाफलिज मच्छर के काटने से होता है। जोकि दूषित पानी मे अपना जीवन चक्र पूरा करता है। मलेरिया में सर्दी व कंपन के साथ तेज बुखार आता है। इसके बाद गर्मी लगती है और पसीने के साथ बुखार उतर जाता है। पूरे शरीर में थकावट रहती है। हर रोज या एक दिन छोड़ कर या तीसरे दिन बुखार आना मलेरिया हो सकता है। बुखार आने पर तुरंत रक्त की जांच करवानी चाहिए व अपना नियमित इलाज लेना चाहिए। पवन ने बचाव के तरीकों के बारे में बताया कि सुबह व शाम शरीर को कपड़ों से पूरी तरह ढक कर रखें। अपने घरों के आसपास पानी इकट्ठा न होने दें। सप्ताह में एक दिन ड्राई-डे अवश्य मनाएं अर्थात पानी के बर्तनों, कूलर, फूलदान, होदी आदि को खाली करके एक दिन सुखाने के बाद ही पानी भरें, अपने घरों में रखें फ्रिज की वेस्ट ट्रे को सप्ताह में एक बार अवश्य साफ करें।

## अस्पताल परिसर में धूम्रपान करते सात लोगों के किए चालान

# सेहत विभाग ने चलाया तंबाकू छोड़ने का अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार लोगों को तंबाकू से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है लेकिन इस अभियान को सफल बनाने में लोग साथ नही दे रहे हैं। शुक्रवार को विभाग की टीम ने अस्पताल परिसर में अभियान चलाया और धूम्रपान करते सात लोगों के चालान किए। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. विशाल पोरस ने लोगों को धूम्रपान से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति समझाया। डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना अपराध है। इसके लिए जुर्माना किया जाता है। विभाग द्वारा लगातार यह अभियान चलाया जाता है। यदि भविष्य में कोई भी, चाहे वो अस्पताल का कर्मचारी ही क्यों न हो, धूम्रपान करते मिलता है तो उससे जुर्माना तो वसूला ही जाएगा, साथ ही उसके खिलाफ निर्देशों का पालन नहीं करने पर विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी। डा. रमेश पांचाल ने कहा कि अस्पताल परिसर में धूम्रपान करने पर साफ मनाही है। बाकायदा ऐसे लोगों के खिलाफ टीमें लगातार चालान कर रही हैं। डा. रमेश पांचाल, डा. विशाल पोरस ने तम्बाकू सेवन, बीड़ी, सिगरेट, हुक्का, गुटखा, जर्दा, खैनी से होने वाली सभी बीमारियां जैसे कि मुंह का कैंसर, गले का कैंसर, फेफडों का कैंसर, लकवा के बारे में विस्तृत रूप से बताते कहा कि जो लोग बीड़ी, सिगरेट, हुक्का का सेवन नही करते किंतु तम्बाकु पीने वाले के साथ में लगातार बैठते हैं उनको भी यह बीमारियां होने का उतना ही खतरा बना रहता है।



जींद। नागरिक अस्पताल में धुम्रपान करने वालों का चालान करते डा. विशाल पोरस।

### ये रहे मौजूद

नशे से छुटकारा दिलाने हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर जागरूकता सेमीनार, कैंपों का आयोजन किया जाता है। जो भी नशे से छुटकारा पाना चाहते हैं ऐसे लोगों के लिए जिला स्तर पर नशामुक्ति केंद्र स्थापित है। जहां पर विशेषज्ञ डॉक्टर व परामर्शदाताओं की सेवाएं उपलब्ध हैं। जो व्यक्ति तंबाकू उत्पाद, बीडी, सिगरेट, धूम्रपान से छुटकारा पाना चाहते हैं उनके लिए स्वास्थ्य विभाग में तम्बाकू समाप्ति केंद्र स्थापित है। उन्होंने बताया कि आजकल गेहूं कटाई आदि का काम भी जोरों पर है और बीड़ी, सिगरेट से पक्की फसल में आगजनी की संभावना बढ़ सकती है। इसलिए जो भी खेतीबाड़ी का काम करते हैं उनको भी धूम्रपान से परहेज करना चाहिए ताकि किसी की साल भर की मेहनत पर पानी न फिर जाए। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग से देवेंद्र शर्मा, भूपेंद्र व विनोद भी उपस्थित रहे।



जींद। कार्यकारणी की मीटिंग के दौरान। फोटो : हरिभूमि

## प्रवीन जिंदल एवं सुमित शर्मा बने भारत विकास परिषद जिला जींद के जिलाध्यक्ष एवं जिला सचिव

**नरवाना।** वीर शाखा जींद में प्रांतीय कार्यकारणी द्वारा जिला स्तर की कार्यकारणी की मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष एवं जिला सचिव के नाम पर विचार विमर्श मीटिंग में मीटिंग में प्रांतीय महासचिव दीपक जिंदल, प्रांतीय संगठन मंत्री सुरेश मित्तल, प्रांतीय उपाध्यक्ष सुशील गुप्ता एवम प्रांतीय कोषाध्यक्ष रामचरण सिंगला की मौजूदगी में जींद जिलाध्यक्ष एवं शाखा सचिव पर विचार विमर्श किया गया। जिसके बाद भारत विकास परिषद हरियाणा मध्य प्रांत में जींद के जयंती शाखा के पूर्व अध्यक्ष प्रवीन जिंदल को जिलाध्यक्ष एवं शाखा नरवाना के पूर्व सचिव सुमित शर्मा को जिला सचिव का उत्तरदायित्व प्रदान किया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष एवं सचिव ने अपने उत्तरदायित्व पद को यथासंभव कर्तव्य निष्ठा से पूरा करने का आश्वासन दिया तथा कार्यक्त्रम में मौजूद सभी परिषद सदस्यों का धन्यवाद दिया। इस दौरान वीर शाखा अध्यक्ष संजय वर्मा, सचिव संजू आर्य, भूतेश्वर शाखा अध्यक्ष नारीश रोहिल्ला, सचिव मंधीर कौशिक, जयंती शाखा अध्यक्ष दिनेश गर्ग व अन्य शाखों के सदस्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### बाइक चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** बाइक चोरी करने के एक मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट सैल के एचसी राकेश कुमार व एएसआई जसवीर सिंह की टीम द्वारा एचसी लखविंद्र की सूचना पर प्योदा रोड़ कैथल से आरोपी प्योदा रोड़ कैथल निवासी सन्नी व कुलविंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कैथल निवासी संजय की शिकायत अनुसार 21 अप्रैल 2024 को लाल बहादुर शास्त्री नगर कैथल स्थित गली नं 16 में खड़ी उसकी बाइक को अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले

### मकान से जेवर व अन्य सामान चोरी, केस दर्ज

**कैथल।** गांव थेह बनेडा में चोर एक मकान से जेवर व अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव के आसुदास ने चीका थाना में शिकायत दी कि 25 अप्रैल को दोपहर के समय अज्ञात आरोपी उनके घर से जेवर व अन्य सामान चोरी कर ले गए। उसे 80 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

### डेंगू जांच के लिए 600 रुपये से अधिक वसूले तो लैब संचालक पर होगी कार्रवाई

# जिला नागरिक अस्पताल में बनाया 20 बेड का डेंगू आइसोलेशन वार्ड

■ डीसी प्रशांत पंवार ने ली जिला मलेरिया कार्यकारिणी समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि इन दिनों वैक्टर जनित रोग जैसे मलेरिया, चिकनगुनिया तथा डेंगू जैसी कई बीमारियां होने का खतरा रहता है। ऐसे में सभी को सावधानियां बरतनी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग ने निजी लैब से डेंगू की जांच के लिए (एलाइजा टेस्ट) 600 रुपये का रेट निर्धारित किया है और नागरिक अस्पताल में यह जांच फ्री में की जाती है। अगर कोई निजी लैब संचालक डेंगू जांच के लिए अधिक पैसे वसूलता पाया जाता है उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। लैब प्राइवेट अस्पतालों को निर्देश दिए गए हैं कि वे टेस्ट रेट की डिस्प्ले लैब के बाहर लगाएं, ताकि सभी मरीजों को निर्धारित रेट का पता चल सके। डीसी प्रशांत पंवार शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित जिला मलेरिया कार्यकारिणी समिति की बैठक में संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है कि जिले में वर्ष 2019 से लेकर अब तक मलेरिया का कोई केस नहीं आया है। भविष्य में भी कोई केस ना आए इसके लिए हमें सतर्क रहते हुए उचित कदम उठाने होंगे। मच्छरजनित हॉट स्पॉट की पहचान की जाए, घर, ऑफिस या निर्माण स्थल पर जलभराव न होने दें। रोडवेज परिसर में रखे पुराने टायरों में पानी भरा हो तो उसकी सफाई करवा दें तथा पीडब्ल्यूडी के अधिकारी सड़कों के गड्ढे भर दें ताकि बारिश के मौसम में इनमें पानी नहीं भरें। उन्होंने बताया कि इस वर्ष डेंगू का एक भी केस सामने नहीं आया है, हालांकि पिछले वर्ष डेंगू के 118 केस आए थे।

उन्होने कहा कि सभी प्राइवेट अस्पतालों एवं लैब द्वारा किसी भी प्रकार के संदिग्ध या पॉजिटिव केस मलेरिया, डेंगू, जापानी बुखार, चिकनगुनिया की सूचना सिविल सर्जन कार्यालय को दी जानी आवश्यक है। इसके अलावा कोई भी प्राइवेट अस्पताल अगर वह स्वास्थ्य विभाग द्वारा सर्टिफाइड नहीं है तो वह डेंगू मरीजों को दाखिल नहीं कर सकता। अगर कोई ऐसा करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। डीसी ने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष अपने कार्यालयों के आसपास सफाई का विशेष ध्यान रखें और कहीं पर भी पानी को इक्ट्ठा नहीं होने दें। सभी नगर पालिकाएं तथा पंचायत विभाग अपने क्षेत्र में फोगिंग करवाने का शेड्यूल तैयार करके कार्य को अमलीजामा पहनाएं। इस मौके पर सीटीएम गुरविंद्र सिंह, सीएमओ डॉ रेनू चावला, डॉ. नीरज मंगला, जीएम रोडवेज कमलजीत, रैडक्रॉस सचिव रामजी लाल, ईओ कुलदीप मलिक आदि मौजूद रहे।

#### 244 टीमें गठित

सिविल सर्जन डा रेनू चावला ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा वैक्टर जनित रोगों की रोकथाम हेतु 244 टीमों का गठन किया है जो लोगों को जागरूक कर रही तथा लारवा की चैकिंग कर रही है। स्वास्थ्य कर्मी द्वारा घर-घर जाकर बुखार पीड़ित लोगों की ब्लड स्लाइड बनाई जा रही है तथा सोर्स रिडिक्शन एक्टिविटी करवाई जायेगी। इसी कड़ी में जिले में अब तक 37 हजार 579 बुखार पीड़ित लोगों की ब्लड स्लाइड बनाई गई। जहां पर भी लारवा पाया जाता है उनको नोटिस दिया जा रहा है तथा चालान किया जा रहा है।

#### मलेरिया के लक्षण

मलेरिया के लक्षण सर्दी व कंपन के साथ तेज बुखार, सिर दर्द व उल्टियां, बुखार उतरते समय बदन का पसीना-पसीना होना। बुखार हर रोज एक दिन छोड़कर या फिर चौथे दिन आना। लक्षण होने पर तुरंत अपनी नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर खून की जांच करवाएं और मलेरिया होने पर पूर्ण उपचार करवाएं।

## प्रिंस और तमन्ना ने जेईई मेन्स में पाया अव्वल स्थान



**कैथल।** प्रिंस और तमन्ना कांसल को सम्मानित करते शिक्षा भारतीय विद्या निकेतन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जेईई मेन्स का परीक्षा परिणाम बुधवार की देर रात जारी हुआ इस परीक्षा में देश भर के 14 लाख विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। प्रदेश के 25500 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। इसमें से 12700 के करीब विद्यार्थी सफल हुए। शिक्षा भारती विद्या निकेतन कलायत के एक होनहार विद्यार्थी प्रिंस कांसल ने 99.68 परसेंटाइल लेकर अपनी कामयाबी का प्रचम लहराया और प्रिंस कांसल की बहन तमन्ना कांसल ने भी 97.29 परसेंटाइल लेकर अपने देश प्रदेश में क्षेत्र का नाम रोशन किया। दोनों भाई बहन बहुत ही होनहार विद्यार्थी रहे हैं। विद्यालय के चेयरमैन कुलदीप सिंह बिढान ने विद्यालय आने पर प्रिंस कांसल को सम्मानित किया और कहा की इसके पिता नरेश कांसल एक छोटे दुकानदार है दिन रात कड़ी मेहनत करके अपने दोनों बच्चों को पढ़ा रहे हैं । प्रिंस कांसल की माता मंजू रानी एक गृहणी है। विद्यालय के प्रबंधक निदेशक जितेंद्र सिंह बिढान ने प्रिंस कांसल कि इस सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि हमारे विद्यालय से काफी विद्यार्थी जे.ई.ई. व नीट की परीक्षा पास करके सर्वोत्तम शिक्षण संस्थान में दाखिला पा रहे हैं। हमारा विद्यालय विद्यार्थियों की छोटी से छोटी कमियों को दूर करके उन्हें एक होनहार विद्यार्थी बना रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीकांत आर्यन ने बच्चों की इस सफलता पर समस्त अध्यापकगण व उनके माता-पिता को बहुत बधाई दी और कहा की हमारे विद्यालय के विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में अपने क्षेत्र व अपने माता-पिता का नाम रोशन कर रहे हैं और अपनी प्रतिभा का लोहा देश भर में मनवा रहे हैं । इस अवसर पर अधिवक्ता अमनदीप बिढान, उप प्रधानाचार्य अमरदीप भारद्वाज, वर्षा रानी, मनोज कुमार , सुखबीर सजुमा, बलबीर शिमला आदि समस्त अध्यापक गण मौजूद रहे।

■ प्रबंधक निदेशक ने प्रिंस कांसल कि इस सफलता पर बधाई दी।

## मनुष्य को स्वस्थ रहने के लिए खेलों से जुड़े रहना अति आवश्यक: डॉ. दिनेश यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** डॉक्टर दिनेश यादव को सम्मानित करते जाट कालेज के पदाधिकारी

जाट कॉलेज कैथल के खेल मैदान में डॉक्टर दिनेश यादव राजकीय महाविद्यालय बेरिया पेहवा ने जाट कॉलेज के छात्र एवं छात्राओं को खेल कबड्डी, खो-खो, एथलेटिक्स, ताई कमांडो, शूटिंग आदि खेलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉक्टर दिनेश ने बताया कि मनुष्य को स्वस्थ रहने के लिए खेलों से जुड़ा रहना अति आवश्यक है। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है खेलों का राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान है। आज के वर्तमान संदर्भ में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार खिलाड़ियों को खेलों में अच्छा प्रदर्शन के कारण रोजगार प्रदान करती है एवं करोड़ों रुपए की आर्थिक सहायता भी देती है। इस अवसर पर जाट कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजकला सिहाग पूनिया ने डॉक्टर दिनेश यादव को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डॉ राजकला सिहाग ने खेलों के लाभ के बारे में विस्तार से बताया ,खेलों से नेतृत्व करने की भावना को बढ़ावा मिलता है, भाईचारे की भावना बढ़ती है, दृढ़ संकल्प एवं अनुशासन में रहना सीखते हैं। इस मौके पर प्रो मंजू ,डॉ बी आर अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय कैथल,प्रो सुशील मलिक ,प्रो अजय ,प्रो राजपाल, प्रो अनिल गिल आदि मौजूद रहे।

## वेब सीरीज और हरियाणवी फिल्म्स के लिए किया विद्यार्थियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



डॉ. भीम राव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय कैथल के कुछ छात्र-छात्राओं का चयन आने वाली वेब सीरीज और हरियाणवी फिल्म्स के लिए किया गया। कुछ दिन पहले एलुमनी एसोसिएशन और एन.एस.एस. के संयुक्त तत्वाधान में कॉलेज के एलुमनी विकास शर्मा की प्रोडक्शन कंपनी रुद्रा कास्टिंग द्वारा कॉलेज में आडिशन कार्यक्रम आयोजित किया गया था । जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रंगमंच की प्रतिभा को दशार्या और उसके बाद कई अलग झ अलग स्तरों पर अपनी कला का प्रदर्शन किया और अंत में तमन्ना, खुशी, माफी, अंजलि, नरेश, नीरज, उदय, मन और पायल आदि विद्यार्थियों को वेब सीरीज और फिल्म्स की कास्टिंग के लिए चुन लिया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि युवाओं को शिक्षा के साथ साथ अपने अन्दर छुपे कलाकार को भी ऐसे मंच के माध्यम से बाहर निकालना चाहिए। कॉलेज भी विद्यार्थियों को यूथ फेस्टिवल और रत्नावली कार्यक्रमों के माध्यम से अपने अभिनय, वक्तव्य कला और रचनात्मकता को निखारने एवं प्रदर्शित करने का मौका देता है।

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 220 मरीजों ने करवाई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



**पूंडरी।** शिविर के दौरान उपस्थित सरपंच प्रतिनिध जितेंद्र पुंडरी व अन्य।

गांव संगरौली में सैन चौपाल में विशाल निशुल्क आंखों का जांच शिविर आयोजित किया गया। इसमें 220 मरीजों ने अपनी आंखों की जांच करवाई। गांव के सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र पुंडीर ने बताया कि कल 27 अप्रैल को जिन मरीजों के आंखों के लैंस डलने हैं और जिनके आपरेशन होने हैं वे करवाएं जाएंगे। उन्होंने बताया कि आज शिविर में 50 मरीजों को चश्मा लगाया गया व 20 मरीजों को आयुष्मान योजना के तहत निशुल्क लेंस लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मानव कल्याण सेवा चेरिटबल द्वारा आयोजित इस शिविर में मरीजों को निशुल्क दवाइयां वितरित की गई साथ ही नजदीक का चश्मा मात्र 150 रुपए में उपलब्ध करवाया गया। जितेंद्र पुंडरी ने कहा कि उनका प्रयास है कि गांव का कोई भी आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति ईलाज से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविर में गांव में समय-समय पर आयोजित किए जाएंगे।

## शाह अस्पताल ने आरकेएसडी कालेज में लगाया चिकित्सा शिविर



**कैथल।** डा. एमएस शाह जांच शिविर का शुभारंभ करते हुए फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

आरकेएसडी कॉलेज की महिला सेल ने छात्रों और शिक्षकों के लिए शाह अस्पताल के सहयोग से फ्री स्वास्थ्य जांच और परामर्श शिविर' का आयोजन किया शिविर का उद्घाटन डॉ. एम.एस. ने किया। शाह, निदेशक, शाह अस्पताल, प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, श्री. दीप प्रज्ज्वलन समारोह द्वारा आरवीएस के उपाध्यक्ष श्याम बंसल और कैथल की अन्य प्रसिद्ध हस्तियां। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने सभी अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया। कहा कि डॉ. एम.एस. शाह आरकेएसडी कॉलेज के गौरवान्वित पूर्व छात्र हैं। उन्होंने प्रस्ताव स्वीकार करने और कॉलेज में इस शिविर का आयोजन करने के लिए डॉ. शाह को धन्यवाद भी दिया। डॉ. शाह ने कॉलेज प्रबंधन, प्रिंसिपल और फैकल्टी को भी हार्दिक शुभकामनाएं दीं। हैलो ने भविष्य में कॉलेज में बार-बार आयोजन करने का आश्वासन भी दिया। इस शिविर में डॉ. आरिफ अब्दुल्ला (एमडी मेडिसिन), डॉ. तेजा, डॉ. रितु गर्ग (मेडिकल ऑफिसर)डॉ. नेहा शर्मा (आहार विशेषज्ञ), मुख्य डॉक्टर थीं। छात्रों और संकाय सदस्यों ने अपने स्वास्थ्य संबंधी प्रश्न पूछे और डॉक्टरों से संतोषजनक परामर्श प्राप्त किया। महिला सेल की संयोजक डॉ. ऋतु कंग, महिला सेल की सदस्य डॉ. गीता गोयल, डॉ. शिल्पी अग्रवाल, डॉ. विनय सिंघल, सुश्री ऋचा लांगयान और शाह हॉस्पिटल की टीम के सदस्य दया शंकर (जीएम) राहुल नेगी (ऑपरेशंस हेड)अंकुर शर्मा (पीआरओ) कैंप सुचारू संचालन में डॉ. अब्दुल रहमान एवं ओपीडी संचालकों ने योगदान दिया।

## बिना सेनापति के न युद्ध लड़ा जाता और न ही कोई चुनाव : रणधीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका



**गुहला-चीका।** कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते रणधीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

जजपा के प्रमुख नेता रहे व डेयरी विकास संघ के पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह द्वारा जजपा पार्टी व चेयरमैनी से इस्तीफा देने के बाद पहली बार अपने चीका स्थित निवास पर आए और कार्यकताअरं से रू ब रू हुए। कार्यकताअरं से बातचीत करते हुए रणधीर सिंह ने उन्हें इस्तीफा देने व उनके अगले राजनैतिक कदम की जानकारी देते हुए उनसे राय मशविरा भी किया। बाद में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए से उन्होंने कहा कि बिना सेनापति के न कोई युद्ध लड़ा जाता है और न ही कोई चुनाव। अपनी बात को स्पष्ट करते हुए रणधीर सिंह ने कहा कि जब जजपा का सेनापति यानी पार्टी प्रधान निशान सिंह ही पार्टी छोड़ गए तो ऐसे में उन्होंने भी पार्टी से इस्तीफा देने का मन बनाया और इस्तीफा दे दिया। अपने अगले राजनैतिक कदम बारे पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उन्होंने आज अपने कार्यकर्ताओं से बैठक करके एक एक बात की चर्चा की है और उनकी राय मांगी है। रणधीर सिंह ने यह भी स्पष्ट किया कि आज की मीटिंग में केवल कार्यकर्ताओं की राय ही मांगी गई है और सभी कार्यकर्ताओं ने अन्तिम निर्णय के लिए उन्हें ही अधिकृत कर दिया है। जब उनसे यह पूछा गया कि क्या किसी राजनैतिक पार्टी ने उनसे सम्पर्क साधा है तो उन्होंने कहा कि कांग्रेस की तरफ से उन्हें संदेश मिला था परंतु अभी गहन मंथन चल रहा है और समय आने पर ही कोई उचित कदम उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि गुहला का विकास करवाना ही उनकी प्राथमिकता है और जजपा में रहकर उनका यह सपना साकार नहीं हो रहा था। चुनाव लड़े बारे उन्होंने कहा कि यह उनके कार्यकर्ताओं का फैसला होगा कि उनके परिवार में से कौन अगले चुनावी दंगल में उतरता है। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि 2024 का विधानसभा चुनावी दंगल में वे स्वयं भी उतर सकते हैं।

## प्रोजेक्टों को क्रियान्वित करने की जो घोषणा करेगा, उसका करूंगा सहयोग: ईश्वर सिंह

■ प्रेस कांफ्रेंस के दौरान विधायक ईश्वर सिंह ने गुहला के विभिन्न प्रोजेक्टों की चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

गुहला हलका के जजपा विधायक ईश्वर सिंह आज पूरे बागी तेवर में नजर आए और जहां उन्होंने पूर्व डिप्टी सी.एम. दुष्यंत चौटाला को जमकर कोसा, वहीं चल रहे लोकसभा चुनावों को लेकर यह भी घोषणा कर दी कि कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से वे उस पार्टी के उम्मीदवार का सहयोग करेंगे, जो गुहला हलका के हर प्रोजेक्ट को क्रियान्वित करने की ना केवल घोषणा करेगा अलबत्ता विश्वास भी दिलवाएगा कि यदि वह लोकसभा चुनाव जीता, तो गुहला हलका के उन द्वारा उठाए गए सभी प्रोजेक्टों को पूरा करवाया जाएगा। प्रैस कांफ्रेंस के दौरान दुष्यंत चौटाला द्वारा उन्हें मंत्री न बनाए जाने की टीस विधायक ईश्वर सिंह के चेहरे पर साफ दिखाई दी और कहा कि हरियाणा विधानसभा में वे सबसे सीनियर विधायक हैं और वायदा करने के बावजूद दुष्यंत ने अपना वायदा नहीं निभाया तो फिर ऐसी पार्टी का फायदा ही क्या? हालांकि इसी दौरान विधायक ईश्वर सिंह ने यह भी स्पष्ट किया कि वे किसी पार्टी का समर्थन नहीं करेंगे बल्कि मुद्दों को आधार बनाकर कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से किसी एक उम्मीदवार का समर्थन व सहयोग करेंगे। प्रैस कांफ्रेंस के दौरान विधायक ईश्वर सिंह ने गुहला के विभिन्न प्रोजेक्टों की चर्चा की।

### सरकार को अनाज की खरीद पोर्टल की बजाए पहले की तरह ऑफलाइन करनी चाहिए : राजीव आर्य

**पूंडरी।** भारतीय किसान यूनियन (मान गुट) के युवा प्रदेश अध्यक्ष राजीव आर्य ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान बर्बादी के कगार पर हैं। किसानों की लाखों मैट्रिक टन गेहूं व सरसों खुले में मंडियों में पड़ी है। सरकार की तरफ से गेहूं की खरीद, उठान व भुगतान समय पर न होने के कारण किसानों में भारी रोष है। क्षेत्र में बार-बार बारिश होने के कारण लाखों क्विंटल गेहूं व सरसों किसानों की खराब हो चुकी है। सरकार के 72 घंटे में गेहूं खरीद, उठान व भुगतान के सभी दावे फेल सिद्ध हुए हैं।

### दूसरों के लिए बलिदान के सिद्धांतों का पालन करें

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज, के लिए यह बहुत गर्व और सौभाग्य की बात है कि एक प्रसिद्ध जैन साध्वी और उपदेशक डॉ शिव प्रज्ञा महाराज ने आज शाम के सत्र के सेमिनार हॉल में जीवन शैली, प्रेरणा और ध्यान पर एक भाषण दिया। उनके साथ डॉ. खुशी महाराजजी और जैन समाज के अन्य अनुयायी भी थे। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने उनका स्वागत किया और समाज के कल्याण के लिए उनके त्याग और समर्पण की सराहना की। श्री श्याम बंसल ने छात्रों को उनके व्याख्यान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। डॉ. शिव प्रज्ञा ने अपने संबोधन में छात्रों को त्याग, नम्रता और नम्रता के मूल्यों को विकसित करने की सलाह दी और प्रेरित किया। उन्होंने दूसरों के लिए बलिदान के सिद्धांतों का पालन करने की सलाह दी और इन सिद्धांतों का पालन करके व्यक्ति आत्म-नियंत्रण प्राप्त कर सकता है जो जीवन को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण है।

### मतगणना केंद्रों और स्ट्रांग रूम में हो सुरक्षा के व्यापक प्रबंध

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जिला में बनाए जाने वाले मतगणना केंद्र व स्ट्रांग रूम में निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार सुरक्षा के व्यापक प्रबंध होने चाहिए। सभी स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों लगाए जाएं। जिला में अगर कहीं मादक पदार्थों की आवाजाही होती है तो तुरंत आवश्यक कार्रवाई करें।

डीसी प्रशांत पंवार कैंप कार्यालय में सभी सहायक निर्वाचन अधिकारियों की समीक्षा बैठक ले रहे थे। इस मौके पर उन्होंने चुनाव प्रक्रिया से संबंधित तैयारियों की फीडबैक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन दिनों जो भी राजनीतिक दलों के नेता रैलियां कर रहे हैं, उन पर वीएसटी यानि वीडियो सर्विलांस टीम के माध्यम से पूरी नजर रखकर विस्तृत रिपोर्ट तैयार रखें, ताकि समय पर उसे उपयोग में लाया जा सके।

### भूतपूर्व सैनिक एवं वीर नारियां अपना डाटा करवाएं अपडेट: ओपी शर्मा

**कैथल।** जिला सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण विभाग के अधिकारी ओपी शर्मा ने बताया कि जिला के भूतपूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों का डाटा इस कार्यालय में अपडेट किया जाना है। इस जिला के सभी भूतपूर्व सैनिक एवं वीर नारियां (31 दिसंबर 2021 से पहले सेवानिवृत) अपना संपूर्ण ब्यौरा जैसे पीपीओ, आधार, पैन, फैमिली आईडी, मोबाईल नंबर आदि कार्यालय में मौजूद प्रोफार्मा अनुसार जल्द जमा करवाएं, ताकि डाटा विभाग के पोर्टल पर अपडेट किया जा सके एवं भविष्य में पैंशन आदि प्राप्त करने में परेशानी नहीं आएं।

**सूचना**

मैं, नरेश कुमार पुत्र श्री लखी राम निवासी ढाणी रामगढ तहसील व जिला जींद बयान करता हूं कि मेरे पुत्र नवीन व प्रवीन और दोनों पुत्रवधु मन्जू व मितलेश मेरे तथा मेरी पत्नी राजरानी के कहने–सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**योग शिविर** | 16 विभिन्न स्कूलों में तीन दिवसीय योग शिविरों का समापन

## योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर: प्रो. रमेश चन्द्र भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। योग करते विद्याथी। फोटो : हरिभूमि

महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय के योग विभाग के छात्र कैथल व आसपास के जिलों में प्रतिदिन योग शिविरों का आयोजन कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रमेश चन्द्र भारद्वाज जी का कहना है कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है जिसे भारत सरकार के अथक प्रयासों एवं इसकी महत्ता के कारण विश्व के सभी देश सहर्ष अपना रहे है । यह कहना भी गलत नहीं होगा कि योग ने भारतीय संस्कृति के मूल वाक्य ह्लवसुधैव कुटुम्बकम्ह्व को फलिभूत किया है । योग ने धर्म, जाति आदि की सीमाओं को तोड़कर सभी के जीवन में अहम भूमिका बनाई है । माननीय कुलपति जी का मानना है कि आने वाले समय में योग विभाग के अथक प्रयासों से योग कैथल व आसपास के लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बनेगा । प्रभारी योग विभाग झ डॉ. देवेन्द्र सिंह का कहना है कि जब विद्यार्थियों को विद्यालयों में भेजने की योजना बना रहे थे तब विद्यार्थी डरे हुए थे कि उनसे यह कार्य कैसे होगा । किन्तु शिविर लगाने के बाद विश्वविद्यालयीय छात्र बताते है कि अब उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और बहुत कुछ नया सीखने को मिला है । विश्वविद्यालय के 16 छात्रों के द्वारा 16 विभिन्न स्कूलों में तीन दिवसीय योग शिविरों का समापन किया गया । अनिल (एम.ए.-योग) ने शेरगढ़ गांव में योग शिविर लगाया, जिसमें करीब 500 विद्यार्थियों को योग प्रशिक्षण दिया गया। इसी प्रकार प्रवेश ने कलायत में, पिंकी ने सीवन, विष्णु ने गीता भवन कैथल, रविन्द्र ने मुन्दड़ी, दिनेश कुमारी ने सेगा, अशोक ने कलायत, जितेन्द्र ने मुन्दड़ी, राजु शर्मा ने भागल, राहुल ने कठवाड़, पींकि ने सेगा, असौनिक ने क्योड़क, अनुज ने कठवाड़, संजीव ने करोड़ा, गुरमीत ने एवं दिलबाग ने फिरोजपुर में तीन दिवसीय योग शिविरों का आयोजन किया। निश्चित रूप से ये शिविर करने वाले और करवाने वाले दोनों छात्रों के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होंगे।

## खबर संक्षेप

### ट्राली चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** अगोंध से ट्राली चोरी मामले में गुहला पुलिस के एएसआई बलजीत सिंह द्वारा आरोपी गांव उगो बादशहापुर जिला पटियाला पंजाब निवासी महाबीर सिंह को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव अगोंध निवासी संदीप कुमार की शिकायत अनुसार 23 जनवरी की रात उसके घर के बाहर खड़ी उसकी ट्राली को अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गए। जिस बारे थाना गुहला में मामला दर्ज किया गया।

### पंजाबी गानों पर छात्रों ने जमाया रंग

**राजौंद।** आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली में हुआ पंजाबी बोलियों की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा छठी से 12 वीं कक्षा तक के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी बच्चों ने उसमें बढ़चढ़ कर भाग लिया। बच्चों को जज करने के लिए तीन सदस्यों की एक टीम बनाई गई। एक एक करके सभी बच्चों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने कहा कि आजकल ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों में आत्मविश्वास पैदा करती है।

### बीरेंद्र सिंह के साथी संगठन की बैठक 28 को

**उचाना।** बीरेंद्र सिंह के साथी संगठन द्वारा 28 अप्रैल को जींद में बैठक बुलाई है। बीरेंद्र सिंह के साथी संगठन के प्रधान उदयवीर पूनिया ने बताया कि यह मीटिंग सफीदों रोड स्थित निजी होटल में सुबह 11 बजे होगी। मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह, पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह, पूर्व विधायक प्रेमलता पहुंचेंगी। लोकसभा चुनाव में प्रभावी भूमिका पर विस्तार से चर्चा होगी। अधिक से अधिक बीरेंद्र सिंह समर्थक इस बैठक में बढ़चढ़ कर हिस्सा लें।

### अपहरण के आरोप में व्यक्ति के खिलाफ केस

**कैथल।** चीका पुलिस ने दो वर्षीय बच्चे का अपहरण करने के आरोप में उसके पिता को नामजद किया है। चीका की एक कॉलोनी निवासी युवती ने पुलिस को शिकायत दी कि चार साल पहले उसकी शादी गांव शिमला निवासी जितेंद्र के साथ हुई थी। किसी कारण से उसका अपने पति के साथ मन मुटाव हो गया था। इस कारण वह अपने पति से अलग रहती है। 25 अप्रैल को उसका दो साल का बेटा प्ले स्कूल में गया हुआ था।

### गर्मी में ठंड का अहसास दिला रहा गन्ने का जूस

**राजौंद।** गर्मी की तपिश व गर्म हवाओं के प्रचंड प्रकोप के चलते हर कोई घरों में दुबकने के लिए विवश होकर रह गया है। गर्मी के जो तेवर मई के अंत व जून में देखने को मिलते थे वहीं अप्रैल में स्पष्ट रूप से सामने आ रहे है। आलम यह है कि दोपहर के समय सड़के व बाजार सुनसान हो जाते हैं। जब मौसम का मिजाज भी इस लायक होगा तो आम जन मानस गर्मी की झुलसाने वाली इन लपटों से कैसे बच पाएगा। जब अप्रैल में गर्मी हर किसी को इतना भयावह रूप दिखा रही है तो आने वाले जून में गर्मी का अहसास कैसा होगा इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

### योग के बिना स्वस्थ रहना संभव नहीं

**राजौंद।** मंडवाल रोड पर स्थित महाराणा प्रताप स्कूल में विद्यार्थियों को योग के अनेक गुर सिखाए जा रहे है। प्रधानाचार्या बिंदु रानी व स्कूल प्रबंधक यशपाल राणा ने बताया कि योग के बिना किसी भी व्यक्ति का स्वस्थ रहना संभव नहीं रहा। आज के समय में योग एक ऐसा माध्यम है जिस से हर तरह की बीमारी से छुटकारा पाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि योग के साथ साथ विद्यार्थियों को सुबह व सायं सैर करने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। क्योंकि सुबह सैर करने से पूरा दिन शरीर में स्फूर्ति रहती है, और इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई में भी रूचि बढ़ती है। इसके अलावा स्कूल में विद्यार्थियों को पी.टी.अध्यापक द्वारा अनेक प्रकार के खेलों व शरीर को हष्ट-पूष्ट रखने के गुर सिखाए जा रहे है।

# चुनावी ड्यूटी से पीछा छुड़वाने की कवायद तेज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

लोकसभा चुनाव सिर पर हैं और चुनाव अधिकारियों व कर्मियों के द्वारा निष्पक्ष तौर पर की जाने वाली डयूटी से ही संभव है। ऐसे में कई कर्मचारी चुनावी डयूटी से बचने के लिए भरसक प्रयास कर रहे हैं। कर्मचारी कोई डीसी कार्यालय में सिफारिश ढूंढ रहे हैं तो कई नागरिक अस्पताल के चक्कर लगा रहा है। अब उन्हें कौन समझाए कि चुनाव ड्यूटी से केवल अधिकारी एवं कर्मचारियों को मेडिकल अनफिट प्रमाण पत्र ही बचा सकता है। इसके अलावा चुनाव ड्यूटी से बचाव का कोई रास्ता नहीं है। बाकायदा इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने मेडिकल बोर्ड का गठन भी किया हुआ है। सिफारिश के बावजूद चिकित्सक किसी भी कर्मचारी एवं अधिकारी का झूठा अनफिट प्रमाण पत्र नही बना सकते। क्योंकि चिकित्सक को अनफिट करते समय पूरी जानकारी देनी होगी। इसलिए चिकित्सक भी इस मामले में पूरी तरह से सावधानी बरत रहे हैं ताकि वास्तविक लोगों को ही इसका लाभ मिल सके।

### जिला निर्वाचन अधिकारी के सख्त हैं आदेश

चुनाव ड्यूटी के बचने के लिए दो दिन में दस लोग मेडिकल करवाने के लिए नागरिक अस्पताल में आ चुके हैं। इनमें से अभी तक केवल एक व्यक्ति, जिसको पेरालाइसिस, डायबिटिज तथा अन्य समस्याएं थी वह अनफिट हुआ है। अनफिट होने पर व्यक्ति की बीमारी से संबंधित पूरी डिटेल के साथ चुनाव कार्यालय को अवगत करवाना पड़ता है। जिला निर्वाचन अधिकारी के भी इस मामले को लेकर सख्त आदेश हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी को यदि यह लगा कि यह प्रमाण पत्र सिफारिश से बनवाया गया है तो वह इसकी दोबारा फिटनेस भी मांग सकते हैं। इसलिए नागरिक अस्पताल का जो मेडिकल बोर्ड है, उसके सभी चिकित्सक इस मामले में कोई भी सिफारिश नहीं मान रहे हैं। इसी कारण काफी लोग वापस लौट रहे हैं।

### चुनाव ड्यूटी करने में असक्षम व्यक्ति को ही अनफिट प्रमाण पत्र दिया जाएगा : डा. भोला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि कई लोग मेडिकल फिटनेस के लिए अस्पताल आ रहे हैं। चुनाव डयूटी को लेकर मेडिकल बोर्ड का गठन कर दिया गया है। चुनाव ड्यूटी करने में असक्षम व्यक्ति को ही अनफिट प्रमाण पत्र दिया जाएगा। इसकी पूरी डिटेल चुनाव कार्यालय को भेजी गई है। सभी चिकित्सक को इस मामले में सख्त निर्देश जारी किए गए हैं।


जींद। नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला।

- नागरिक अस्पताल के चक्कर काट रहे कर्मचारी अधिकारी और कर्मचारी
- केवल मेडिकल अनफिट होने पर ही मिल सकती है चुनाव ड्यूटी से राहत
- नागरिक अस्पताल में मेडिकल अनफिट करवाने के लिए आ रही सिफारिश
- मेडिकल अनफिट होने पर चिकित्सक को देनी होगी पूरी जानकारी

### यह रहता चुनाव ड्यूटी का शेड्यूल

चुनाव ड्यूटी के दौरान दो दिन का समय लगता है। चुनाव से पहले दिन जिस बूथ पर ड्यूटी होती है, उसपर जाना पड़ता है तथा रात को वहीं सोना होता है। ऐसे में अगले दिन मतदान करवाकर ईवीएम जमा करवाने के बाद रात को घर पहुंचा जा सकता है। इसके अलावा चुनाव ड्यूटी के दौरान कई बार झगड़े का भी अंदेशा रहता है। ऐसे में काफी कर्मचारी व अधिकारी चुनाव ड्यूटी से अपना पीछा छुड़वाना चाहते हैं। इस समय नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन चार से पांच कर्मचारी एवं अधिकारी मेडिकल फिटनेस के लिए पहुंचते हैं। वह कोशिश करते हैं कि किसी तरह उनका अनफिट प्रमाण पत्र बन जाए और वह चुनावी ड्यूटी से बच जाएं लेकिन सख्ती के कारण वह बच नहीं पाते।

### डीएवी स्कूल के छात्रों ने जेईई मेंस की परीक्षा में लहराया परचम

**जींद।** डीएवी स्कूल के छात्रों ने जेईई मेंस परीक्षा में परचम लहराया है। प्रणव प्रताप ने 99.26, वंश शेरावत ने 99.10, वंश ने 95.41, हुनर ने 92.9 व शिवम ने 91.99, विशांत ने 91.26, रितिका ने 88.3, अमन ने 88, चैतन्य ने 87 व केशव ने अच्छे परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय का नाम जिले में ही नहीं पूरा प्रदेश में रोशन किया है। प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने बताया कि शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के माध्यम से जेईई मेंनस की परीक्षा का आयोजन करता है। 11 लाख छात्रों ने प्रवेश परीक्षा दी थी।

### एसोसिएशन की ग्रामीण और शहरी ईकाई का चुनाव आज

**जींद।** रिटायर्ड कर्मचारी-अधिकारी एसोसिएशन के जिला प्रधान किताब सिंह भनवालाए महासचिव कुलदीप गोयल और प्रेस सचिव जगदीश पांचाल ने बताया कि एसोसिएशन के त्रिवर्षीय चुनाव कार्यक्रम के तहत ब्लॉक व इकाइयों के चुनाव चल रहे हैं। अब तक छह ब्लाकों के चुनाव हो चुके हैं और आखिरी चरण का चुनाव जींद ब्लॉक की शहरी और ग्रामीण इकाइयों का चुनाव 27 अप्रैल को जाट धर्मशाला जींद में होगा। इसके लिए दो दिनों से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों का चुनाव प्रचार के लिए दौरे किए जा रहे हैं। 27 अप्रैल को सभी ब्लाकों के चुनाव संपन्न होने पर एसोसिएशन की जिला इकाई का चुनाव एक मई को जींद की जाट धर्मशाला में ही किया जाएगा।

### मारपीट व धमकी के दो मामलों में नौ आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

**कैथल।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के दो मामलों में 09 व्यक्तियों को नामजद किया है। पहले मामले में गांव बदसुई के कुलदीप ने चीका थाना में शिकायत दी कि सात अप्रैल को सुबह के समय आरोपी नरेश, सुरेश, राहुल व मंदीप ने उसके साथ डंडे से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जांच अधिकारी संदीप ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे मामले में गांव पाबला निवासी हेंद्र सिंह ने ढांड थाना में शिकायत दी गई थी।

## गेहूं उठान को लेकर एक्शन मोड में उपायुक्त

# उचाना में दो दिन में होना चाहिए उठान का कार्य पूरा

### ट्रांसपोर्टर, गोदामों में अनलोडिंग प्वायंट ठेकेदार को सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उचाना

गेहूं के उठान को लेकर एक्शन मोड में डीसी मोहम्मद इमरान रजा नजर आए। डीसी ने ट्रांसपोर्टर, गोदामों में अनलोडिंग प्वायंट ठेकेदार को सख्त निर्देश दिए कि दो दिन के अंदर उचाना मंडी, छात्तर, घोघड़िया से सारा गेहूं का उठान होना चाहिए। उठान नहीं होने पर वो निर्धारित समय के बाद दौरा नहीं करेंगे बल्कि संबंधित एजेंसी, ठेकेदार के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करेंगे। डीसी ने कहा कि ट्रांसपोर्टर की कितनी गाड़ी पोर्टल पर है इससे कोई मतलब नहीं है। जो समय दिया गया है उस समय तक गेहूं का उठान होना चाहिए। गोदामों में जो अनलोडिंग प्वायंट है वो सभी पूरे होने चाहिए। अनलोडिंग प्वाइंट पर जिस ठेकेदार का गोदामों में लेबर का जिम्मा है वो वहां पर पूरी लेबर उपलब्ध करवा सभी अनलोडिंग प्वायंट शुरू गोदामों में करें। किसी तरह का कोई बहाना उठान, लेबर को लेकर नहीं चलेगा। आढ़तियों, ट्रांसपोर्टर, अधिकारियों के साथ की मीटिंग डीसी ने शुक्रवार दोपहर बाद मार्केट कमेटी उचाना कार्यालय में खरीद एजेंसी अधिकारियों, मंडी आढ़तियों, ट्रांसपोर्टर, गोदामों में लेबर ठेकेदार के साथ मीटिंग की। आढ़तियों ने बताया कि कभी गाड़ियों तो कभी गोदामों में लेबर नहीं होने से उठान धीमा हो रहा है। डीसी ने ट्रांसपोर्टर को उठान के कार्य में तेजी लाने के साथ-साथ गोदामों में अनलोडिंग प्वाइंटों पर सभी प्वाइंट शुरू करने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि छात्तर सब यार्ड सहित अन्य परचेज सेंटरों पर भी उठान की रफ्तार को तेज किया जाए। इनको लेकर जो दिन तय किए गए है उन दिनों में अगर उठान नहीं हुआ तो सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उठान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही किसान के खाते में पेमेंट आती है। उठान जब तक नहीं होगा तो किसान के खाते में पेमेंट नहीं पहुंचेंगी। एक आढ़ती ने कहा कि हैफेड ने 13 अप्रैल को गेहूं की खरीद की थी लेकिन 26 अप्रैल तक उठान नहीं हुआ है। इस पर तुरंत प्रभाव से उठान के निर्देश डीसी ने हैफेड अधिकारी को दिए।


उचाना। मंडी निरीक्षण के दौरान कपास मंडी पहुंचे डीसी मोहम्मद इमरान रजा।

### उठान को लेकर आढ़तियों की हुई बैठक


उचाना। पुरानी मंडी स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर में आढ़तियों की मीटिंग हुई। एसोसिएशन प्रधान सत्यवान पेगां की अध्यक्षता में हुई मीटिंग में आढ़तियों ने अपनी-अपनी बात रखी। आढ़तियों ने गेहूं के उठान की रफ्तार बढ़ाने की मांग प्रशासन से की। मंडी में खरीद एजेंसी हैफेड, खाद्य आपूर्ति विभाग के कर्मचारी भी मीटिंग में पहुंचे। आढ़तियों ने कहा कि लिफ्टिंग की रफ्तार सुस्त होने के चलते किसानों के खाते में पेमेंट नहीं आ रही है।

### राजौंद अनाज मंडी में गेहूं खरीद का कार्य अंतिम चरण में


**राजौंद।** राजौंद अनाज मंडी में गेहूं खरीद का कार्य अंतिम चरण पर पहुंच चुका है। अब अनाज मंडी में इक्का दुक्का गेहूं की ढेरी ही आ रही है। जबकि उठान का कार्य अभी काफी पेंडिंग पड़ा है। इस बारे जानकारी देते हुए आढती राजेश कुमार, महिपाल, भीम शर्मा, माते राम ने बताया कि बुधवार को उठान का कार्य अच्छा था। लेकिन गुरुवार को उठान फिर धीमा रहा। मंडी में बोरिया अभी काफी मात्रा में पड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि जब तक मंडी से बोरियों का उठान नहीं होता मंडी में उन्हें बैठने को मजबूर होना पड़ेगा।

### भागल मंडी का दौरा कर विधायक ईश्वर सिंह ने लिया खरीद एवं उठान प्रक्रिया का जायजा


**गुहला-चीका।** गुहला हलका के विधायक ईश्वर सिंह ने गुहला उपमंडल के गांव भागल अनाज मंडी का दौरा करके गेहूं खरीद एवं उठान प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को उठान में तेजी लाने के निर्देश दिए और कहा कि गेहूं खरीद के बाद तय समय सीमा में उठान का कार्य करना सुनिश्चित किया जाए, ताकि आवागमन बाधित नहीं हो और खरीद प्रक्रिया समुचित चलती रहे। विधायक ने अधिकारियों को कहा कि मंडी में किसानों की सुविधा के लिए बिजली, पानी व शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं निरंतर ठीक प्रकार से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संबंधित एजेंसियां और ट्रांसपोर्टर उठान का कार्य तेजी से करें, ताकि मंडी में अपनी फसल को लेकर आने वाले दूसरे किसानों को जगह की कमी और जाम जैसी स्थिति का सामना ना करना पड़े। इस मौके पर उन्होंने किसानों व आढ़तियों से बातचीत करके उनकी समस्याओं को भी जाना। उन्होंने आढ़तियों को कहा कि वे गेहूं खरीद प्रक्रिया में अपना पूरा सहयोग दें ताकि किसानों को किसी प्रकार की भी परेशानी का सामना ना करना पड़े।

# राजकीय बहुतकनीकी संस्थान शेरगढ में आरंभ हुई दाखिला प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

राजकीय बहुतकनीकी संस्थान शेरगढ में वर्ष 2024-25 के दाखिले के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आरंभ हो गई है। संस्थान के प्रधानाचार्य संजय कुमार मोदगिल ने बताया कि संस्थान में पाँच ब्रांचों जैसे कि इलेक्ट्रिक, कंप्यूटर, सिविल, मैकेनिकल, एग्रीकल्चर में डिप्लोमा करवाया जाता है। यह डिप्लोमा कोर्स दसवीं के बाद तीन साल का व बारहवीं नॉन मेडिकल के बाद दो साल का है। जिस भी छात्र व छात्रा ने अभी दसवीं व बारहवीं की परीक्षा दी हैं वह संस्थान में आकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। एडमिशन इंचार्ज आशीष मेहता ने बताया कि जो भी छात्र व छात्रा रजिस्ट्रेशन करवाना चाहता है वह संस्थान में अपना आधार कार्ड, फैमिली आई डी व दो पासपोर्ट साइज फोटो लेकर संस्थान में आ सकता है। सभागार में हुई दाखिला प्रक्रिया को लेकर मीटिंग में पिछले वर्ष बेहतर प्रदर्शन दिखाने में लेक्चरार कुनाल गोयल व क्लर्क नरेश कुमार को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।


कैथल। प्राचार्य संजय कुमार कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए।

# बुलेट बाइकों पर कैथल पुलिस की पैनी नजर


कैथल। बुलेट बाइक का मॉडिफाइड साइलेंसर मौके पर चेंज करवाती पुलिस।

- चीका में नियमानुसार चालान करके बुलेट बाइक के मॉडिफाइड साइलेंसर मौके पर करवाए गए चेंज,
- 70 बुलेट बाइको के मॉडिफाइड साइलेंसर किए गए डिस्ट्रोय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

पटाखे की आवाज निकालने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर युक्त बुलेट मोटरसाइकिल चलाने वाले चालकों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस द्वारा विशेष मुहिम चलाते हुए निरंतर पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने जानकारी देते हुए बताया कि बुलेट चालक अपने बुलेट बाइक का साइलेंसर चेंज करवा कर पटाखे बजाकर दहशत फैलाने का काम करते है। एसे बाइक चालको पर सख्त एक्शन लेने के लिए एसपी उपासना द्वारा आदेश दिए गए है। इसी कड़ी में निरंतर रूप से ट्रैफिक एसएचओ एसआई रमेश कुमार की टीम द्वारा एसे बुलेट बाइक चालकों को काबू करके नियमानुसार चालान करके मौके पर बुलेट बाइक के मॉडिफाई साइलेंसर चेंज करवाए जा रहे है। शुक्रवार को चीका में इस तरह के बाइको के चालान किए गए तथा शहीद उधम सिंह चौक चीका पर करीब 60-70 मॉडिफाइड साइलेंसर को डिस्ट्रोय किया गया। एसपी उपासना ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सभी यातायात नियमों की पालना करें। बाइक साइलेंसर की मार्फत पटाखे की आवाजें निकालने कारण कोई अप्रिय दुर्घटना हो सकती है। बाइक चालक अपना साइलेंसर मॉडिफाई ना करवाएं तथा प्रेशर हॉर्न का प्रयोग ना करें। चालान का उद्देश्य यही है कि लोग ट्रैफिक नियमों बारें खुद को जागरूक करे और ट्रैफिक नियमों की पालना करें।

## नागरिक अस्पताल में हीमोफिलिया दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

# हीमोफिलिया रोग को लेकर घबराने की जरूरत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में शुक्रवार को विश्व हिमोफिलिया दिवस को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने की जबकि पीएमओ डा. जितेंद्र कादियान, डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, डा. पालेराम कटारिया, डा. अरविंद, डा. शिप्रा, हिमोफीलिया सोसायटी से आशुतोष मौजूद रहे और हिमोफिलिया के प्रति आमजन को जागरूक किया तथा किट वितरित की। सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने कहा कि विश्व हिमोफिलिया दिवस मनाने का उद्देश्य यही है कि लोग इस बीमारी के बारे में जाने। शरीर में थोड़ा कट लगे के बाद थोड़ा खून बहना के बाद बंद हो जाता है लेकिन कई लोगों के साथ ऐसा नहीं होता है। हीमोफीलिया में खून बहना बंद नहीं होता है और जान का खतरा होता है।



जींद। बच्चे को किट देते हुए पीएमओ डा. जितेंद्र कादियान व अन्य स्वास्थ्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### आनुवांशिक कारणों से होती है अधिकतर बीमारी

यह बीमारी अधिकतर आनुवांशिक कारणों से होती है यानी माता-पिता में से किसी को ये बीमारी होने पर बच्चे को भी हो सकती है। बहुत कम ऐसा होता है कि किसी और कारण से बीमारी हो। पीएमओ डा. जितेंद्र कादियान ने कहा कि एक समय पहले हीमोफीलिया का इलाज मुश्किल था लेकिन अब घटकों की कमी होने पर इन्हें बाहर से इंजेक्शन के जरिये डाला जा सकता है। अगर बीमारी की गंभीरता कम है तो दवाइयों से भी इलाज हो सकता है। अगर माता या पिता को ये बीमारी तो उनसे बच्चे में आने की संभावना होती है। ऐसे में पहले ही इसकी जांच कर ली जाती है। वहीं भाई-बहन में से किसी एक को है लेकिन दूसरे में उस समय इसके लक्षण नहीं है तो आगे चलकर भी ये बीमारी होने की आशंका बनी रहती है। इसलिए बीमारी का समय पर पता चल जाने पर इंजेक्शन देकर इलाज हो सकता है। चिकित्सक से परामर्श अवश्य लेना चाहिए। डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि सिर में बहुत तेज दर्द होना, बार-बार उल्टी आना, गर्दन में दर्द होना, धुंधला या दोहरा दिखना, बहुत 'यादा नींद आना, चोट से लगातार खून बहना आदि लक्षण दिखें तो तुरंत चिकित्सक को दिखाना चाहिए और परामर्श लेना चाहिए। डा. शिप्रा ने कहा कि हीमोफीलिया दो तरह का होता है। हीमोफीलिया ए में फैक्टर 8 की कमी होती और हीमोफीलिया बी में घटक 9 की कमी होती है। दोनों ही खून में थक्का बनाने के लिए जरूरी हैं। ये एक दुर्लभ बीमारी है।

### नियमों के विरुद्ध प्रचार सामग्री छापने पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई

**जींद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने जिला के प्रिंटिंग प्रेस मालिकों से आह्वान किया कि वे बिना जांच पड़ताल व नियमों के विरूद्ध जाकर कोई भी चुनाव प्रचार सामग्री प्रकाशित न करें। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान मुद्रक व प्रकाशक के नाम के बिना चुनाव से संबंधित पम्पलेट व पोस्टर आदि छापना जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 127 ए का उल्लंघन है और ऐसा करने वाले प्रिंटर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा.188 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि चुनाव से संबंधित हर सामग्री पर मुद्रक व प्रकाशक का नाम अवश्य छापें। ारतीय चुनाव आयोग ने लोकसभा उम्मीदवारों के खर्च की सीमा निर्धारित गई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुडा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005